an>

Title: Need to make Buddha Vihar, at Devroad a National Monument.

श्री श्रीरंग आप्पा बारणे (मावल): अध्यक्ष महोदया, वर्तमान में पूरा देश डा. बाबा साहेब अम्बेडकर जी की 125वीं जयन्ती मना रहा है। इसी के तहत डा. बाबा साहेब अम्बेडकर जी के सम्मान में संसद में संविधान पर दो दिन की चर्चा भी रखी गई थी। डा. अम्बेडकर जी का व्यक्तित्व ऐसा है जिसका सारे देशवासी सम्मान करते हैं। डा. अम्बेडकर दी द्वारा 25 दिसम्बर, 1954 को थाइलैंड से भगवान गौतम बुद्ध की मूर्ति भारत में लाई गई थी। वर्तमान में यह मूर्ति मेरे संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत देवरोड कैन्टोन बोर्ड में है और यह क्षेत्र बुद्ध विहार के नाम से जाना जाता है। प्रति वर्ष 25 दिसम्बर को लाखों की संख्या में डा. अम्बेडकर जी के चाहने वाले तथा भगवान बुद्ध के भक्त इसी बुद्ध विहार में दर्शन एवं प्रार्थना के लिए आते हैं। यह जगह देवरोड कैन्टोन बोर्ड में होने से रक्षा नियंत्रण क्षेत्र में आती है। इसलिए वहां सुविधा का अभाव है। मैं आपके माध्यम से सरकार से देवरोड स्थित बुद्ध विहार को राष्ट्रीय स्मारक बनाए जाने की मांग करता हूं। धन्यवाद।

माननीय अध्यक्ष: श्री राहुल शेवाले, डॉ. श्रीकांत एकनाथ शिंदे और प्रो. रविन्द्र विश्वनाथ गायकवाड़ को श्री श्रीरंग आप्पा बारणे द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।